02/08/2024

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राज्यपालों के दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। आज अपने उद्घाटन भाषण में राष्ट्रपति ने कहा कि इस सम्मेलन के एजेंडे में सावधानीपूर्वक चुने गए मुद्दे शामिल हैं जो राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण हैं। सम्मेलन में सभी राज्यों के राज्यपाल भाग ले रहे हैं। सम्मेलन के एजेंडे में तीन आपराधिक कानूनों का कार्यान्वयन, उच्च शिक्षा में सुधार और विश्वविद्यालयों की मान्यता, तथा आदिवासी क्षेत्रों, आकांक्षी जिलों और ब्लॉकों और सीमावर्ती क्षेत्रों जैसे फोकस क्षेत्रों का विकास शामिल है।

00000000000000000

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि नीट-यूजी परीक्षा में किसी भी तरह की व्यवस्थागत चूक न हो और इसलिए दोबारा परीक्षा न हो, इस पर सुप्रीम कोर्ट का यह कहना सरकार के रुख को सही साबित करता है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री प्रधान ने कहा कि सरकार छेड़छाड़ मुक्त, पारदर्शी और त्रुटि रहित परीक्षा प्रणाली के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इसे सुनिश्चित करने के लिए सरकार विशेषज्ञों की उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशें जल्द से जल्द लागू करेगी।

0000000000000000000

पंचायत पदाधिकारियों के प्रबंधन क्षमता और लीडरशिप गुण को बढ़ाने के लिए प्रदेश ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान ने भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) शिलोंग के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने संबद्ध विभाग को बधाई देते हुए अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह साझेदारी प्रशीक्षण, समर्थन को प्रार्थमिकता देने तथा प्रत्येक गांव में सतत विकास लक्ष्यों का स्थानीयकरण हासिल करने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों को सक्षम बनाएंगे। जिससे हमारे राज्य के विकास को लाभ होगा।

0000000000000000

दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर योगेश सिंह ने कल कहा कि विश्वविद्यालय नियमित प्रवेश दौर पूरा होने के बाद बची हुई खाली सीटों को भरने के लिए कक्षा 12वीं के अंकों का उपयोग करेगा। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने केंद्रीय विश्वविद्यालयों के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यूजी और पीजी पाठ्यक्रमों में सभी सीटें भरी जाएं।

0000000000000000000000

राजधानी पुलिस द्वारा चिम्पू पुलिस स्टेशन के गंगा बस्ती, ईटानगर के सामुदायिक भवन में आज ‘संवाद’ का 5वां संस्करण आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना और पुलिस और जनता के बीच संबंधों को मजबूत करना था।

इस अवसर पर, खोई और चोरी हुई संपत्तियों को उनके असली मालिकों को सौंपने का भी आयोजन किया गया; विधायक तेची कासो ने इस कार्यक्रम का संचालन किया। इस दौरान, चिम्पू पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर नीरज निशांत और उनकी टीम को प्रशंसा पत्र भी प्रदान किए गए।

0000000000000000000

आकाशवाणी पासीघाट और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के अन्य आकाशवाणी स्टेशनों द्वारा महीने भर चलाए गए 'गिफ्ट ए रेडियो अभियान' का कल समापन हो गया। ईस्ट सियांग जिले के आकाशवाणी पासीघाट में समापन समारोह मनाया गया।

000000000000000

पेरिस ओलंपिक में आज, पुरुष भारतीय हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम ग्रुप चरण में 3-2 से जीत दर्ज की है। इससे पहले आज, तीरंदाज अंकिता भक्त और धीरज बोम्मादेवरा ने इंडोनेशिया के दियानंदा चोइरुनिसा और आरिफ पंगेस्टू को 5-1 से हराकर मिश्रित टीम स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। निशानेबाजी में, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने पच्चीस मीटर एयर पिस्टल फाइनल स्पर्धा के लिए क्वालीफाई किया।

000000000000000000

दोईमुख पुलिस ने कल सोने की चेन चोरी के मामले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। कथित आरोपियों की पहचान बिहार के भागलपुर निवासी केदार साह और अमर कुमार के रूप में हुई है। पिछले महीने की अट्ठाईस तारीख को पीड़ितों द्वारा शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद मामला दर्ज किया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि दो अज्ञात व्यक्तियों ने उनके कीमती सामान की सफाई की आड़ में उनकी सोने की चेन चुरा ली थी।

000000000000000000

कल अपर सियांग जिले में सिकिइंग कोजी चैरिटेबल सोसाइटी और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यिंगकिओंग द्वारा संयुक्त रूप से जिला उप जेल, यिंगकियोंग के कैदियों के लिए मनोसामाजिक परामर्श का दूसरा चरण आयोजित किया गया। परामर्श कार्यक्रम का उद्देश्य कैदियों को एक बेहतर इंसान बनने के लिए प्रेरित करना और तैयार करना था, और जब वे नागरिक समाज में फिर से प्रवेश करते हैं तो रोजमर्रा की जिंदगी की मांगों और चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटना सीखाना था। कार्यक्रम के दौरान कैदियों को प्रसाधन सामग्री भी वितरित की गई।

00000000000000000

राजधानी पुलिस द्वारा चिम्पू पुलिस स्टेशन के गंगा बस्ती, ईटानगर के सामुदायिक भवन में आज 'संवाद' का 5वां संस्करण आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना और पुलिस और जनता के बीच संबंधों को मजबूत करना था।

इस अवसर पर, खोई और चोरी हुई संपत्तियों को उनके असली मालिकों को सौंपने का भी आयोजन किया गया; विधायक तेची कासो ने इस कार्यक्रम का संचालन किया। इस दौरान, चिम्पू पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर नीरज निशांत और उनकी टीम को प्रशंसा पत्र भी प्रदान किए गए।000000000

मौसम विभाग ईटानगर ने अनुमान लगाया है कि दिबांग वैली, अपर सियांग और शी-योमी जिलों के अलावा बाकी सभी अन्य जिले येल्लो अलर्ट जॉन के तहत है। इन जिलों में अलग-अलग स्थानों पर आंधी चलने और बिजली कड़कने की आशंका जताई गई है।

000000000000000000

केंद्रीय संचार ब्यूरो के पूर्व निदेशक के के पंत, जो आकाशवाणी समाचार में संपादक भी रह चुके हैं, का आज निधन हो गया। लंबी बीमारी के बाद उन्होंने गुरुग्राम में अंतिम सांस ली। भारतीय सूचना सेवा के चौसठ वर्षीय पूर्व वरिष्ठ अधिकारी ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के विभिन्न विंग में विभिन्न पदों पर कार्य किया था।000000000

पिछले महीने की इकतीस तारीख तक 2024-25 के लिए रिकॉर्ड 7.28 करोड़ आयकर रिटर्न, ITR दाखिल किए गए हैं। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह पिछले साल दाखिल किए गए 2023-24 के कुल ITR से 7.5 प्रतिशत अधिक है। इस साल नई कर व्यवस्था को चुनने वाले करदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है। लगभग बहत्तर प्रतिशत करदाताओं ने नई कर व्यवस्था को चुना है, जबकि अट्ठाईस प्रतिशत करदाता पुरानी कर व्यवस्था में बने हुए हैं।